# सार्वजनिक सूचना

## वन विभाग, हिमाचल प्रदेश

### ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क वृत शमशी (कुल्लू) में वन रक्षकों की अनुबन्ध के आधार पर भर्ती-2019

हिमाचल प्रदेश वन विभाग के ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क वृत शमशी, जिला कुल्लू के अर्न्तगत अनुबन्ध आधार पर (On Contract Basis) वन रक्षकों के कुल 04 (अचयन/ Non selection) पदों के लिए सीधी भर्ती हेतु नीचे दिये गये निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं । अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षकों की भर्ती सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एफ. एफ. ई-ए (बी) 2-23/ 2010 दिनांक 20.09.2014, एफ. एफ. ई-ए (वी) 2-8/2017 दिनांक 26.08.2017 (द्वितीय संशोधन) के आधार पर की जा रही है । यह भर्ती खुली है और वन वृत स्तर पर की जा रही है । अभ्यार्थी का नाम हिमाचल प्रदेश में किसी भी रोजगार कार्यालय/ उप-रोजगार कार्याल में पंजीकृत होना चाहिए । हिमाचल प्रदेश सरकार, श्रम एंव रोजगार विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या श्रम (एफ) 16-5/93 दिनांक 9 मार्च, 2000 में अंतर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसरण में रोजगार कार्यालय/ उप रोजगार कार्यालयों की रिक्तियों अधिसूचित करने के अतिरिक्त खुले आवेदन भी आंमत्रित किए जा रहे हैं ।

इस प्रकार नियुक्त वन रक्षक को रूपऐ 9910/- (5910/-रू0 मूल वेतन + 2000 + 2000 रू0 100 प्रतिशत बड़ा हुआ ग्रेड पे) मासिक का निर्धारित (fixed) भूगतान किया जाएगा । चयनित उम्मीदवार को अनुबन्ध के आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए नियुक्ति किया जाएगा । जिसका वर्षानुवर्ष नवीनकरण/ अवधि विस्तार, वर्ष के दौरान संतोषजनक सेवा और आचरण सम्बन्धित अरण्यपाल द्वारा प्रमाणित करने के उपरान्त किया जाएगा । यदि अनुबन्ध में एक वर्ष या उससे अधिक की बढ़ौतरी की जाती है तो पश्चातवर्ती वर्ष / वर्षो के लिए अनुबंध राशी में सेवा नियमानुसार तीन प्रतिशत जो मु0 237/- रू0 है, की वार्षिक वृद्धि देने का प्रावधान है ।

वन रक्षक का पद वृत स्तरीय संवर्ग का है । नवनियुक्त वन रक्षकों की पहली तैनाती जनजातीय/ दुर्गम क्षेत्रों में पद उपलब्धता के आधार पर की जाएगी । प्रार्थी का वन वृत पहले दस वर्ष की सेवा अवधि के दौरान बदला नहीं जाएगा व उसके बाद भी वृत वरिष्ठता गंवाए विना नहीं बदला जाएगा । यदि आवेदक वन विभाग में भर्ती होने का इच्छुक हो और निर्धारित शर्ते एंव योग्यता पूरा करता हो तो निर्धारित प्रपत्र पर कम से कम दो दूरभाष नम्बरों सहित अपना आवेनन पत्र इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के बाद वन वृत कार्यालय नैशनल पार्क शमशी में डाक द्वारा भेज सकता है या व्यक्तिगत रूप से जमा करवा सकता है या ऑन लाइन भी विभाग की साइट (http://forp.hp.gov.in) पर आवेदन कर सकते हैं । जो अभ्यार्थी आनलाईन आवेदन करेगें उनकी व्यक्तिगत ई-मेल आईडी व मोवाईल नम्बर आवेदन में दर्ज करना जरूरी है । अभ्यार्थी केवल आनलाईन व आफलाईन दोनो तरह से आवेदन करेगें उनका आवेदन बिना किसी कारण बताए रद्ध कर दिया जाएगा और वह इस भर्ती हेतु पात्र नहीं होगा । आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15.02.2019 को सांय पांच बजे तक होगी । जनजातीय /दुर्गम क्षेत्रों के उम्मीदवारों को आवेदन हेतू लागू नियमानुसार 15 दिनों का अतिरिक्त समय दिया जाएगा व आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 27.02.2019 को सांय पांच बजे तक होगी । महिला

उम्मीदवार भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकती है । जो पद भूतपुर्व सैनिको के लिए आरक्षित हैं वे भूतपूर्व सैनिक कल्यान बोर्ड के माध्यम से ही भरे जाएंगे । इसी तरह जो पद स्पोर्टस कोटे के लिऐ हैं वह उम्मीदवार निदेशक, युवा सेवा एंव खेल विभाग के माध्यम से ही लिए जांएगे । ग्रेट हिमानयन नेशनल पार्क वृत शमशी के 04 पदों का श्रेणीवार ब्यौरा निम्नलिखित है :-

| क्रम संख्या | श्रेणी | अनारक्षित | स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चे | भूतपूर्व सैनिक | स्पोर्टस कोटा (खिलाड़ी) | आई.आर. डी. पी. / अन्तोदय | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 2. | अनुसूचित जाति | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | अनुसूचित जनजाति | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 4. | अन्य पिछड़ी जाति | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| | कुल योग | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 4 |

**नोट :-** भूतपर्व सैनिक (Ex-serviceman) व खिलाड़ी (Sportsman) श्रेणियों की भर्ती सम्बन्धित विभागों से अलग से पत्राचार किया जा रहा है ।

## 1. पात्रता की शर्ते एंव योग्यतायें :-

क) अभ्यार्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है ।

ख) आवेदक का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार/ उपरोजगार कार्यालय में दर्ज होना अनिवार्य है व प्रार्थी का रोजगार पंजीकरण कार्ड आवेदन की तिथि पर वैद्य होना आवश्यक है ।

ग) आवदेक की आयु 01 जनवरी 2019 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

**नोट :- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति / अन्य पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी ।**

घ) आवेदक ने किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोड/ विश्वविद्यालय से 10+2 या इसके सम्तुल्य की की परीक्षा उतीर्ण की हो ।

## II. न्यूनतम शारीरिक मापदन्ड ।

| पुरूष | | महिला |
|---|---|---|
| लम्बाई | 165 सै.मी. | 150 सै.मी. |
| छाती<br>(क) बिना फुलाए | 79 सै.मी. | 74 सै.मी. |
| (ख) फुलाकर | 84 सै.मी | 79 सै.मी. |

**नोट** :– अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को लम्बाई (कद) में 5 सै.मी. और छाती के माप में बिना फुलाए और फुलाए 4 सै.मी. की छूट होगी ।

**भर्ती प्रकिया :–** भर्ती प्रकिया में निम्नलिखित तीन परीक्षण होगें जिनके अंक निम्न तालिका अनुसार हैं :–

| **कंमाक** | **परीक्षण** | **निर्धारित अंक** |
|---|---|---|
| 1. | शारीरिक दक्षता | निर्धारित 'शारीरिक दक्षता परीक्षण न्यूनतम मापदंडों के साथ पास करना होगा ।<br>(केवल विशेषक) Only qualifying |
| 2. | लिखित परीक्षा | 85 |
| 3. | प्रमाण पत्रों का मूल्यांकन | 15 |
| | **योग** | **100** |

1. शारीरिक दक्षता परीक्षण (Physsical Efficiency Test) (केवल विशेषक) (only qualifying ) वे उम्मीदवार जो न्यूनतम शारीरिक मापदण्ड पूर्ण करते हो उनका शारीरिक दक्षता परीक्षण निम्न तालिका अनुसार किया जाएगा । शारीरिक दक्षता परीक्षण की वीडियोग्राफी अनिवार्यतः की जाएगी ।

**शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु मापदण्ड :–**

| मद | पुरूष | | महिला | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| दौड़ | दूरी | अधिकतम समय | दूरी | अधिकतम समय | |
| | 100 मी. | 14 सै. | 100 मी. | 17 सै. | (केवल विशेषक) (Only qualifying) इन दौड़ों में कोई अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा । |
| | 800 मी. | 2 मिनट 45 सै. | 800 मी. | 4 मिनट 15 सै. | |
| उंचीकूद (कम से कम) | 1.25 मीटर | | 1 मीटर | | उंचीकूद एंव लंबीकुद के लिए उम्मीदवार को अधिकतम तीन अवसर दिए जाएंगें । |
| लंबीकूद (कम से कम) | 4 मीटर | | 3 मीटर | | |

2. वे उम्मीदवार जो शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षण में उतीर्ण होंगें, केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा (Written Test) में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा । लिखित परीक्षा की तिथि

एंव स्थान बारे उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के तुरन्त बाद सूचित किया जाएगा । लिखित परीक्षा राज्य के समस्त वन वृतों में एक ही दिन संचालित की जाएगी ।

3. लिखित परीक्षा के 85 अंक होगें । ये दसंवी कक्षा के स्तर या इसके समकक्ष मानक का होगा । इस परिक्षा में अंग्रेजी व हिन्दी भाषा, दंसवी स्तर का सामान्य विज्ञान व गणित, वन, पर्यावरण एंव वन्य प्राणियों की सामान्य जानकारी, सामान्य ज्ञान, तर्क- वितर्क एंव योग्यता (reasoning and aptitude) इत्यादि विषयों के 85 वस्तुनिष्ट प्रकार (objective type) प्रश्न होगें । लिखित परिक्षा का समय 75 मिनट का होगा । जिनके उतर हेतु 75 मिनट का समय दिया जाएगा । उतर-पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतु प्रार्थी को नीली/काली स्याही का बाल पैन व लिखने के लिए गत्ता लाना अनिवार्य होगा ।

4. मूल्यांकन : उपरोक्त पदों के लिए योग्यता सूची (Merit List) लिखित परिक्षा के अंको व नीचे दर्शाए गए प्रमाण पत्रों, जो कि हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या पीईआर (एपी.वी) बी (15)-5/2014 दिनांक 17.04.2017 व 25.04.2017 द्वारा अधिसूचित किए गए हैं, के आधार पर मुल्यांकन किया जाएगा । अतः उम्मीदवारों को निर्देश दिए जाते हैं कि वह नीचे दिऐ गए प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों को स्वयं सत्यापित करने के उपरान्त प्रार्थना पत्र के साथ अवश्य भेजें । प्रमाण पत्रों के आधार पर अंकों का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता भर्ती एवं पदोन्नति नियम के अनुसार | अधिकतम 2.5 अंक |
| 2 | पिछड़ा क्षेत्र या पंचायत | 1 अंक |
| 3 | भूमिहीन परिवार / ऐसा परिवार जिनकी भूमि 1 हैक्टयर से कम हो ( प्रमाण पत्र सम्बन्धित राजस्व अधिकारी) | 1 अंक |
| 4 | बेरोजगार प्रमाण पत्र कि अभ्यार्थी के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी सरकारी एंव अर्द्व-सरकारी नौकरी में नहीं है । | 1 अंक |
| 5 | एन0एस0एस0/ एन.सी.सी./ भारत स्काउट एंव गाइड राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक विजेता । | 1 अंक |
| 6 | बीवपी0एल0 परिवार जिनकी वार्षिक आय 40000/- हजार रूपऐ से कम या सरकार द्वारा समय-समय पर तय । | 2 अंक |
| 7 | विधवा / तलाकशुद्वा / जरूरत मंद/ एकल महिला | 1 अंक |
| 8 | एकल पुत्री / अनाथ | 1 अंक |
| 9 | सम्बन्धित क्षेत्र में 6 माह का प्रशिक्षण जो कि मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से हो । | 1 अंक |
| 10 | सम्बन्धित क्षेत्र में सरकारी एंव अर्द्व-सरकारी संस्थान से कम से कम 1 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष का अनुभ्व (प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 0.5 अंक) । | अधिकतम 2.5 अंक |

आवेदकों के लिए निर्देश :-

1. आवेदन पत्र नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र पर जोकि अच्छे सफेद कागज़ पर टाईप या छपा हुआ हो या स्वच्छ लिखित हो एंव उम्मीदवार द्वारा स्वयं भरा हुआ होना चाहिए ।
2. आवेदन पत्र में प्रविष्टियां हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में ही स्वीकार्य होगी ।
3. आवेदन पत्र भरकर अरण्यपाल ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी को भेजा जाए ।
4. आवेदन पत्र की जाँच के उपरान्त उम्मीदवारों को स्थानीय अखबार के माध्यम से शारीरिक दक्षता परीक्षा के बारे में सूचित किया जाएगा । पात्र उम्मीदवारों को शारीकि दक्षता परिक्षा के बारे बुलावा पत्र (Call letter) द्वारा सूचित किया जाऐगा । यदि उम्मीदवार को किसी कारणवशं दिनांन 04.04.2019 तक सूचना नहीं मिल पाती है तो वह शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू होने की तिथि से पहले अरण्यपाल नैशनल पार्क वृत शमशी में किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से 5 बजे सांय तक सम्पर्क कर सकते हैं ।
5. अन्तिम तिथि एंव समय के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
6. आवेदक के हस्ताक्षर बिना प्राप्त आवेदन पत्र रद्व कर दिए जांएगे ।
7. यदि कोई आवेदन पत्र अधूरा प्राप्त होता है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा ।
8. यदि शारीरिक दक्षता परीक्षा एंव मूल्यांकन मापदण्ड की प्रक्रिया निर्धारित तिथि को पूर्ण नहीं होती है तो वह अगले दिन भी जारी रहेगी ।
9. आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज मूलरूप में अपने साथ अवश्य लाएं ।

क) मैट्रिक एवम 10+2 या समकक्ष पास का प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र ।

ख) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग व स्वतन्त्रता सैनानियों के बच्चों/ पौत्र/पौत्री/ आई0 आर0 डी0 पी0 / अन्तयोदय का नवीनतम प्रमाण पत्र ।

ग) एन0एस0एस0/ एन.सी.सी./ खेल अन्य पाठ्य सहायक क्रियाओं में भाग लेने इत्यादि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र ।

घ) रोजगार कार्यालय में पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र ।

ड.) पिछड़ा क्षेत्र या पंचायत, भूमिहीन परिवार/ ऐसी परिवार जिनकी भूमि 1 हैक्टयर से कम हो, वेराजगार प्रमाण पत्र कि अभ्यार्थी के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी सरकारी एंव अर्द्ध-सरकारी नौकरी में नही है, बी.पी.एल. परिवार जिनकी वार्षिक आय 40000/- रूपये से कम या सरकार द्वारा समय-समय पर तय, विधवा/ तलाकशुद्धा / जरूरत मंद/एकल महिला, एकल पुत्री / अनाथ, सम्बन्धित क्षेत्र में 6 माह का प्रशिक्षण जो कि मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से हो, सम्बन्धित क्षेत्र में सरकारी एंव अर्द्व-सरकारी संस्थान से कम से कम 1 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र ।

10. यदि प्रार्थी किसी भी परीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों को निर्धारित समय एंव स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी ।
11. समक्ष प्राधिकारी बिना कोई कारण बताये/ बिना शर्त, इस चयन प्रक्रिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखता है ।

12. अनुबन्ध पर नियुक्ति अभ्यार्थी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितिकरण का कोई अधिकार नहीं होगा ।

13. एक खाली लिफाफा जिस पर प्रार्थी का नाम एंव पूरा पता लिखा हुआ हो व 5 रुपये की डाक टिकट लगी हो साथ में संलिग्त करें ताकि 'शारीरिक दक्षता की तारीख के बारे में प्रार्थी को सूचित किया जा सके ।

14. जब अभ्यार्थी शारीरिक दक्षता परिक्षण हेतु बुलाए जाएगें उस समय वह चार प्रतियाँ पास पोर्ट साईज पोटोग्राफ साथ लाये ।

15. जिन अभ्यार्थियों का निवेदन फार्म डाक द्वारा या किसी अन्य कारण से निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होता है तो वह मान्य नहीं होगा तथा इसके लिये वन विभाग उतरदायी नहीं होगा ।

**आवेदन भेजने से पहले उपरोक्त शर्तो एंव पूर्ण विज्ञापन का अवलोकन करें ।**

16. प्रार्थी प्रार्थना पत्र के लिफाफे के उपर **"वन रक्षकों की भर्ती हेतु"** लिखें व निम्नलिखित पते पर भेजें ।

**अरण्यपाल,**
**नैशनल पार्क शमशी,**
**जिला कुल्लू हि0 प्र0– 175126**

17. भर्ती की प्रकिया से सम्बधित किसी भी जानकारी के लिए अभ्यार्थी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय में व्यक्तिगत रुप से अथता दूरभाष नं0 01902-265320 या 01902-266483 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

11/1/2019

अरण्यपाल,
नैशनल पार्क शमशी, कुल्लू ।
दूरभाष नं0 01902-265320

| | |
|---|---|
| फार्म नं0 -----------<br>(केवल कार्यालय प्रयोग के लिए)<br>वन विभाग हिमाचल प्रदेश ।<br>नैशनल पार्क वृत शमशी जिला कुल्लू ।<br>अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन पत्र<br>भाग–1<br>(आवेदक का विवरण)<br>(वन–वृत का नाम) | आवेदक अपना नवीनतम पासपार्ट साईज फोटो चिपकाएं एंवम हस्ताक्षर करे । (self attested) |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | (हिन्दी में)..............<br>(अंग्रेजी में) .............. |
| 2. | पिता/पति का नाम | |
| 3. | स्थाई पता | |
| 4. | (क) पत्राचार हेतु पता<br>(ख) दूरभाष नं0 / मोबाईल नं0 | |
| 5. | पहचान चिन्ह | |
| 6. | आवेदक किस श्रेणी से सम्बन्ध रखता है :–<br>(क) साधारण/अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति/पिछड़ा वर्ग<br>(ख) आई0आर0डी0पी0/स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चे/पौत्र/पेत्री/प्रतिष्ठित खिलाड़ी इत्यादि । (सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करें) | (क) ....................................<br>(ख) ...................................<br>(लागू श्रेणी का नाम) |
| 7. | जन्म तिथि (दसवीं प्रमाण पत्र के अनुसार)<br>आयु दिनांक 01.01.2019 को<br>(क) अंकों में<br>(ख) शब्दों में<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें) | तिथि \| माह \| वर्ष<br>...............वर्ष.............मास.................दिन |
| 8. | शैक्षणिक योग्यता<br>1. दसवीं<br>2. बारहवीं<br>3. बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम<br>4. एम.ए./एम.एस.सी./एम कॉम<br>5. अन्य<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करें) | पास वर्ष, प्राप्त अंक प्रतिशत लिखे |
| 9. | (क) रोजगार / उप–रोजगार कार्यालय का नाम एंव पता<br>(ख) पंजीकरण संख्या<br>(प्रमाण पत्र की सत्यपित प्रतिय संलग्न करें) | |

मैं सत्यापित करता / करती हूँ कि मैं वन रक्षक के पद की समस्त शर्तों एवं योग्यता को पूरा करता/करती हूँ । मेरी जानकारी के अनुसार उपरोक्त दी गई सूचना सही और विश्वसनीय है और यह कि मैंने हिमाचल प्रदेश के किसी अन्य वन वृत में वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन नहीं किया है ।

मैं समझता/ समझती हूँ कि यदि कोई उपरोक्त तथ्य गलत पाये जाते हैं तो मेरा/मेरी उम्मीदवारी अयोग्य घोषित की जा सकती है एवं/अथवा किसी भी स्तर पर मेरे विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है ।

दिनांक ...................

तिथि ........................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

नोट :-

1. प्रमाण पत्र का स्वंय सत्यापन मान्य होगा ।
2. आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15.02.2019 **को सांय पांच** बजे तक है तथा जनजातिय/दुर्गम (कठिन) श्रेत्र के आवेदकों के लिए अन्तिम तिथि 27.02.2019 सांय पांच बजे तक होगी ।
3. एक खाली लिफार्फो जिस पर प्रार्थी का नाम एंव पता लिखा हुआ हो व पॉँच रूपऐ की डाक टिकट लगी हो साथ में संलग्ति करें ।
4. प्रार्थी प्रार्थना-पत्र के लिफाफे के उपर **"वन रक्षकों की भर्ती हेतु"** लिखें व निम्नलिखित पते पर भेजें ।

**अरण्यपाल,**
**ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क,**
**शमशी, जिला कुल्लू -175126**